3.2024 पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने कथन किया कि ग्राम बिहारीपुर के पुराने ख.न. 717 रकबा 8 बीघा 17 बिस्वा प्रार्थीगण के पति व पिता ने जरिये रजिस्टर्ड विकय पत्र दिनांक 10.06.1974 को भंवर सिंह, श्योनारायण सिंह से 1/2 हिस्सा खरीद कर कब्जा प्राप्त किया था। उक्त भूमि के नये ख0न0 872, 872/1270, 873, 874 रकबा 2.24 हैक्ट. बने है। जिसका ना0क0 संख्या 872 प्रार्थीगण के पति व पिता नाम से तस्दीक किया जाकर जमाबन्दी सम्वत 2055 से 2058 में अमल हुआ है। 1/2 हिस्सा के प्रार्थीगण के पिता व पति पूर्व से ही खातेदार थे। इस प्रकार सम्पूर्ण हिस्से के खातेदार हो गये। इसके बाद बनी जमाबन्दी सम्वंत 2067 से 2070 में 1/2 हिस्सा सहवन से पूर्व खातेदारान के नाम ही दर्ज कर दिया जबकि सम्पूर्ण हिस्सा प्रार्थीगण के पिता व पति बहादुर सिंह पुत्र भूर सिंह के नाम ही दर्ज होना चाहिये था। नामान्तरकरण व नई पुरानी जमाबंदीयां पेश की है। मिलान क्षेत्रफल पेश किया है। पटवारी हल्का, भू0अ0निरीक्षक, एवं तहसीलदार पाटन की तथ्यात्मक रिपोर्ट से भी मेरा प्रार्थना पत्र पूर्ण रूप से साबित होता है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावें।

विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी की बहस पर मनन किया गया एवं पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड दस्तावेज रिपोर्ट पटवारी हल्का, भू0अ0निरीक्षक डाबला तहसीलदार पाटन का अवलोकन किया गया जिससे जाहिर है कि विवादित आराजी ख0न0 पुराने ख.न. 717 रकबा 8 बीघा 17 बिस्वा के नये ख0न0 872, 872/1270, 873, 874 रकबा 2.24 हैक्ट. बने है। विवादित भूमि के 1/2 हिस्सा प्रार्थीगण के पिता व पति द्वारा पूर्व खातेदारान से खरीद किये जाने पर जरिये ना0क0 सं. 872 खातेदारी दर्ज हुई है। जिसका अमल जमाबन्दी सम्वंत 2055 से 2058 में हुआ है इसके बाद बनी जमाबन्दी सम्वंत 2067 से 2070 बनाते समय सहवन से बहादुर सिंह पुत्र भूरसिंह जाति राजपुत हिस्सा सम्पूर्ण के बजाय 1/2 हिस्सा पूर्व खातेदारान के नाम ही दर्ज हुआ है जो वर्तमान जमाबंदी में भी दर्ज है। जिसकी ताईद रिपोर्ट पटवारी हल्का, भू0अ0नि0 डाबला से होती है। अतः प्रस्तुत रिकार्ड, दस्तावेजात व रिपोर्ट पटवारी हल्का एवं भू0अ0निरीक्षक के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र साबित होने से स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

आदेश

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है तथा निम्नानुसार दुरूस्ती के आदेश दिये जाते है:–

राजस्व ग्राम	भूमि का विवरण	वर्तमान प्रविष्टि	अमल दरामद की जाने वाली प्रविष्टि
बिहारीपुर	खाता सं. 383	अमर सिंह पुत्र किशन सिंह हि. 1/12,गंगाबक्स पुत्र जयनारायण हि. 1/12, बहादूर सिंह पुत्र भूरसिंह हि.1/2, बहादुर सिंह पुत्र किशन सिंह हि. 1/12, मूंगसिंह पुत्रजोरसिंह हि. 1/12, रामदयाल सिंह पुत्र जयनारायण हि. 1/12, सगर सिंह पुत्र जोर सिंह हि. 1/12 जाति राजपुत सा.देह	बहादुर सिंह पुत्र भूरसिंह जाति राजपुत सा. देह हिस्सा सम्पूर्ण

Scanned with OKEN Scanner